Title: Need to provide telecommunication facilities in Churu Parliamentary constituency, Rajasthan.

श्री नरेन्द्र बुडानिया (चुरू) : सभापति महोदय, सम्पूर्ण राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों और विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र चुरु में ग्रामीण पी.सी.ओ. और दूरभाष केन्द्रों के खराब होने के कारण संपूर्ण क्षेत्र में संचार व्यवस्था ठप्प पड़ी है जिससे जनता को अपार कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। अनेक बार राजस्थान दूरसंचार परिमंडल के उच्चाधिकारियों के लिखने और टेलीफोन करके राजस्थान की दूरसंचार व्यवस्था को सुधारने का आग्रह किया गया, किन्तु मात्र आश्वासन ही मिले और व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। मैंने अपने संसदीय क्षेत्र के खराब ग्रामीण पी.सी.ओज़ के संबंध में अनेक पत्र संचार मंत्री महोदय को लिखे परन्तु इस संबंध में समुचित कार्यवाही अभी भी अपेक्षित है और व्यवस्था अब पूर्णतः ठप्प हो गई है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि राजस्थान के मेरे संसदीय क्षेत्र चुरु में ठप्प संचार व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त किया जाये। वहां नये दूरभाष केन्द्र खोलने, एस.टी.डी. सुविधा उपलब्ध कराने, दूरभाष केन्द्रों की क्षमता बढ़ाने, ओप्टीकल फाईबर केबल से जोड़ने जैसी अनेक योजनायें स्वीकृत हैं किन्तु उनका कार्य भी या तो प्रारम्भ नहीं किया गया या जहां प्रारम्भ किया गया है वहां बहुत धीमी गति से चल रहा है। मेरा आग्रह है कि उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाये ताकि आम जनता को संचार सेवायें सुचारू रूप से मिलती रहें।